लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी 06.58 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

वर्ष 4. अंक 107. पृष्ठ 16. मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार बरेली, शुक्रवार, 3 मार्च 2023

PAGE NO : 7 BOTTOM

वैक्सीनेशन न होता तो कोरोना से न जाने कितने लोग मारे जाते

प्रो. नरेंद्र कुमार अरोरा को स्मृति चिह्न देते कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एसबी गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सफल वैक्सीनेशन की बदौलत ही हमने दूसरे मुल्कों के मुकाबले कोविड महामारी की चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया। वैक्सीन से ही संभावित जनहानि रोकी जा सकी। ये बातें खसरा, रूबेला उन्मूलन प्रोग्राम के नेशनल वेरिफिकेशन कमेटी के हेड डा. नरेंद्र कुमार अरोरा ने एसआरएमएस में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से गुरुवार को आयोजित भारत में टीकाकरण और प्रतिरक्षा कार्यक्रम में गेस्ट लैक्चर व पैनल डिस्कशन में कहीं।

उन्होंने कहा कि 1992 में जहां 35 फीसदी बच्चों का टीकाकरण करना संभव हो पा रहा था, वहीं वर्ष 2019-20 में हम 76 प्रतिशत बच्चों तक पहुंच गए हैं। अब हमारा लक्ष्य 90 प्रतिशत बच्चों तक पहुंचने का है। पैनल डिस्कशन में निमोनिया, हेपेटाइटिस बी, लीवर कैंसर आदि से बचाव लिए व्यस्कों के टीकाकरण पर भी चर्चा हुई।

डॉ. अरोरा के साथ क्रिश्चियन मेडिकल कालेज लुधियाना के वाइस प्रिंसिपल प्रो. डॉ. सीजे सैमुअल, वरिष्ठ पीडियाट्रीशियन डा. अतुल अग्रवाल, डब्ल्यूएचओ के डिवीजनल सर्विलांस आफिसर डा. अखिलेश्वर सिंह, डॉ. स्मिता गुप्ता, डॉ. मृदु सिन्हा, डॉ. सुरभि चंद्रा शामिल हुईं। संचालन डा. अभिनव पांडेय ने किया। एसआरएमएस के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता, डॉ. आरपी सिंह, एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. महेंद्र सिंह बुटोला, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. हुमा खान, डॉ. सुगंधि आदि रहे।